# कमिश्नर वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश

उपस्थित:- श्री दीपक कुमार,कमिश्नर वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश।

प्रार्थी :- सर्वश्री निडिल इण्डस्ट्रीज इन्डिया प्रा0लि0, 255/ 85 कुमार निवास, कुन्डरी रकाबगंज,लखनऊ।

प्रा0प0सं0:- 288 /2008

प्रार्थी की ओर से श्री डी0के0शुक्ला, असिस्टेन्ट सैल्स मैनेजर।

## उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम 2008 की धारा-59 के अन्तर्गत निर्णय

1- प्रार्थी के द्वारा उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम 2008 की धारा-59 के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र दिनांक 10-6-2008 को प्रस्तुत किया गया जिसमें निम्न वस्तुओं पर कर की दर की जानकारी चाही गई है :-

1- Hand sewing needles , Knitting pins , Crochet hooks, Safety pins & other pins .

2- Buttons Snap fastners .

3- Scissors, tailors shears .

4- Suture needles .

5- Hooks ,hooks & eyes .

6-Counted Cross Stitch Kit

2- धारा-59 के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु श्री डी0के0शुक्ला,असिस्टेन्ट सैल्स मैनेजर उपस्थित हुए। उपरोक्त वस्तुओं पर कर की दर की जानकारी देने का अनुरोध किया।

3- मैनें धारा-59 के प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों का अवलोकन किया। शिडयूल-1 के क्रमॉक 23 पर निम्न प्रविष्टि है :-

KumKum , Bindi ,Alta & Sindur , roli, mahawar , mehndi leaves and its powder, Kajal ,surma, hairpins , hairband,hair clip , (other than that of precious metal),rubber band, safety pin ,chutila ,bichhia and rakhi, **moonga or moti made of glass .**

अत: safety pin उक्त प्रविष्टि मे होने के कारण करमुक्त है।

शिडयूल -2 पार्ट सी के क्रमॉक 220 पर निम्न प्रविष्टि है :-

**Buttons ,elastic , zip , zip fastners , foams , nylon tape , lace and zipper .**

उक्त प्रविष्टि मे **Buttons** सम्मिलित है अत: इस पर 4 प्रतिशत की दर से करदेयता है।

शिडयूल -2 पार्ट ए के क्रमॉक 5 पर निम्न प्रविष्टि है :-

**Marble goods ; deepak made of brass & copper ; statue made of brass ; woolen carpet ; cup, trophy and shield ; scissor , ustra used by barbers ; padlock ; Rampuri chakoo.**

उक्त मे **scissor** सम्मिलित है अत: इस पर 4 प्रतिशत की दर से करदेयता है।

शिडयूल-2 पार्ट ए के क्रमॉक 79 पर निम्न प्रविष्टि है :-

**Medical equipment / devices & implants , contact lens , spectacle frame , lenses, spectacles excluding sungoggles & sunglasses .**

उक्त प्रविष्टि में **Suture needles Medical devices** है अत: इस पर 4 प्रतिशत की दर से करदेयता है।

उक्त के अतिरिक्त अन्य वस्तुएँ शिडयूल- 1, 2 ,3 व 4 मे वर्गीकृत न होने के कारण शिडयूल-5 के अन्तर्गत 12.5 प्रतिशत की दर से करदेय है।

4- प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत धारा-59 के प्रार्थना पत्र मे उल्लिखित प्रश्न का उत्तर उपरोक्तानुसार दिया जाता है।

5- इस निर्णय की एक प्रति प्रार्थी को तथा एक प्रति सम्बन्धित कर निर्धारक अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाय।

ह0/ 08-08-2008

दिनांक::अगस्त 8 2008

**( दीपक कुमार )**

**कमिश्नर, वाणिज्य कर,**

**उत्तर प्रदेश,लखनऊ।**